# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा

संख्या-13

द्वितीय सत्र(बजट)

गुरुवार, दिनांक-19 मार्च, 2015 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.25 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

( दिनांक- 19.03.2015 के लिए प्रेषित कार्य-सूची उपलब्ध नहीं होने की ओर माननीय सदस्य, श्री जगरनाथ महतो एवं श्री दीपक बिरूवा ने आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

### 1. प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या--10

(i) उत्तरित कुल--04- अ०सू०-क-68, श्री बिरंची नारायण, स० वि० स०,

अ० सू०-ग-72, श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०,

अ० सू०-144, श्री बिरंची नारायण, स० वि० स०,

अ० सू०-145, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०।

(इस दौरान माननीय सदस्य, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा अपने स्थान पर अखबार पढ़े जाने पर आसन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तदुपरांत माननीय सदस्य, श्री मेहता ने इसके लिए सदन में खेद व्यक्त किया।)

(ii) स्थगित मात्र-01- अ०सू०-ख-71, श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०।

(iii) अनागत कुल-05-अ० सू०-146 से अ० सू० 150 तक।

(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या--80

(i) उत्तरित कुल-06-तारांकित-512, श्री फूलचन्द मण्डल, स० वि० स०,

तारांकित-513, श्री कुणाल षडंगी, स० वि० स०,

तारांकित-514, श्री जगरनाथ महतो, स० वि० स०,

तारांकित-515, श्री शशिभूषण सामाड़, स० वि० स०,

तारांकित-516, श्री शशिभूषण सामाड़, स० वि० स०,

तारांकित-517, श्री अशोक कुमार, स० वि० स०।

(ii) स्थगित मात्र-01-तारांकित-518, श्री मनोज कुमार यादव।

(iii) अनागत कुल-73-तारांकित-519 से 591 तक।

### 2.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी -
श्री जगरनाथ महतो,

कृ॰पृ॰उ॰

डॉ० अनिल मुरमू,
श्री राजकुमार यादव,
श्री बिदेश सिंह,
श्री दशरथ गागराई,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री आलमगीर आलम,
श्री बादल,
श्री रबीन्द्रनाथ महतो,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री नारायण दास,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री प्रकाश राम,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री केदार हाजरा,
श्री बिरंची नारायण,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री शिवशंकर उरांव,
श्री राज सिन्हा।

## 3.सूचनाओं का दिया जानाः-

i- माननीय सदस्य, श्री योगेश्वर महतो ने बोकारो थर्मल पावर के बन्द रहने से बिजली की समस्या उत्पन्न हो जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

ii- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने सत्रावधि में सरकारी पुलिसकर्मियों को घटिया भोजन उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी मामला विधान सभा में उठाये जाने के उपरांत उनपर हो रही विभागीय कार्रवाई को बन्द किये जाने तथा बुधनी नामक महिला से सम्बन्धित बरियातु थाना में लम्बित केस की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। इसे माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा संज्ञान में लिया गया,

iii- माननीय सदस्य, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी द्वारा पलामू में हुए ट्रैक्टर वितरण में गड़बड़ी का मामला पुनः सदन में उठाया गया,

iv- माननीय सदस्य, श्री ईरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र दो घण्टे ही बिजली आपूर्त्ति के सम्बन्ध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया,

v- धनबाद शहर में खुले में ही मेडिकल वेस्ट को जलाये जाने की ओर आसन का ध्यान माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा ने आकृष्ट किया तथा वहाँ इंसीनरेटर की व्यवस्था कराये जाने की माँग की,

vi- माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने हेतु सरकार से आग्रह किया,

क्र.पृ.उ.

vii- माननीय सदस्य, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा विधान सभा में प्रश्न उठाये जाने के उपरांत उनके क्षेत्र में अनावश्यक बिजली बिल भेजे जाने की प्रक्रिया को बन्द की गयी जिसे उन्होंने गम्भीर बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की माँग की गयी,

viii- माननीय सदस्य, श्री जानकी प्रसाद यादव ने राज्य के होमगार्डो, दफादारों एवं चौकीदारों की जायज माँगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किये जाने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया,

ix- माननीय सदस्य, श्री संजीव सिंह द्वारा झरिया विधानसभा क्षेत्र के बनियाहीर में करोड़ों रुपये की लागत से बने अस्पताल का बन्द रहना चिन्ताजनक बताते हुए इसे चालू करने की माँग की गयी,

x- माननीय सदस्या, श्रीमती विमला प्रधान ने एन.एच.-143 की मरम्मति किये जाने हेतु सरकार से आग्रह किया,

xi- माननीय सदस्य, श्री ढुलू महतो ने उनके क्षेत्र में किसानों को घटिया बीज उपलब्ध कराये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

xii- माननीय सदस्य, श्री जगरनाथ महतो ने सी.आई.टी., टाटीसिलवे में बिचौलिये के रूप में श्री घनश्याम महतो, श्री विजय कुमार एवं श्री सागर मेहता द्वारा छात्रवृत्ति के नाम पर छात्रों का दोहन किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

xiii- माननीय सदस्य, श्री मनोज कुमार यादव ने किसानों के दूध का लाखो रुपये बकाया रहने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।

## 4.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

i- श्रीमती गंगोत्री कुजूर, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

ii- श्री बिरंची नारायण, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

iii- श्री शिवशंकर उरांव, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

(माननीय सदस्य, श्री शिवशंकर उरांव के उक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर सदन की भावना को देखते हुए जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु एक विशेष समिति गठित किये जाने सम्बन्धी नियमन आसन से दिया गया।)

iv- श्री अरुप चटर्जी एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य हुआ।

## 5.आसन से सूचना:-

लम्बित ध्यानाकर्षण सूचनाओं के निष्पादन हेतु दिनांक-20.03.2015 को 10.00 बजे पूर्वा० से सदन की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने सम्बन्धी सूचना आसन द्वारा सदन को दी गयी।

## 6.वित्तीय कार्य:-

श्रीमती नीरा यादव, प्रभारी मंत्री द्वारा **"मानव संसाधन विकास विभाग"** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।

श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरांत कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा दिनांक-20.03.2015 को संध्या 6.00 बजे से भगवान् बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोरहाबादी मैदान में माननीय मुख्यमंत्री एकादश एवं माननीय विधान सभा अध्यक्ष एकादश के बीच आयोजित खेल में खेलने वाले खिलाड़ियों की घोषणा आसन द्वारा की गयी।

(अन्तराल)

अन्तराल के बाद माननीय **अध्यक्ष महोदय** ने आसन ग्रहण किया।

**7.वित्तीय कार्य (क्रमांक-6 से जारी):-**

उपर्युक्त मांग पर श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री आलमगीर आलम,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री स्टीफन मराण्डी,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री साधु चरण महतो,
श्री योगेन्द्र प्रसाद,
श्रीमती विमला प्रधान,
श्री रामचन्द्र सहिस,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता,
श्री मनोज कुमार यादव।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश वर्मा द्वारा सदन में फोटो खींचे जाने पर आसन द्वारा आपत्ति जतायी गयी जिसके लिये माननीय सदस्य, श्री वर्मा ने खेद व्यक्त किया।)

श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तत्पश्चात् **''मानव संसाधन विकास विभाग''** की माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई।

सभा की कार्यवाही दिनांक- 20 मार्च, 2015 के 10.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 19 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।